Series OSS

Code No. **61/1**
कोड नं.

Roll No.
रौल नं.

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- Please check that this question paper contains **16** printed pages + **2** Maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **23** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the student will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **16 + 2** मानचित्र हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **23** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

HISTORY
इतिहास

Time allowed : 3 hours *Maximum Marks : 100*

निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

General Instructions :

(i) *Answer* ***all*** *the questions. Marks are indicated against each question.*

(ii) *Answers to questions carrying* ***2*** *marks (Part A – Questions no. 1 to 5) should not exceed* ***30*** *words each.*

(iii) *Answers to questions carrying* ***5*** *marks (Part B – Section I, II, III – Questions no. 6 to 16) should not exceed* ***100*** *words each.*

(iv) *Answers to questions carrying* ***8*** *marks (Part C – Questions no. 17 and 18) should not exceed* ***250*** *words each.*

(v) *Part D has questions based on three sources.*

(vi) *Attach the maps with the answer scripts (Part E).*

सामान्य निर्देश :

(i) ***सभी*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने लिखे हैं ।*

(ii) ***2*** *अंक वाले प्रत्येक प्रश्न (खण्ड क – प्रश्न सं. 1 से 5) का उत्तर* ***30*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

(iii) ***5*** *अंक वाले प्रत्येक प्रश्न (खण्ड ख – भाग I, II, III – प्रश्न सं. 6 से 16) का उत्तर* ***100*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

(iv) ***8*** *अंक वाले प्रत्येक प्रश्न (खण्ड ग – प्रश्न सं. 17 और 18) का उत्तर* ***250*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

(v) *खण्ड घ के प्रश्न तीन स्रोतों पर आधारित हैं ।*

(vi) *मानचित्र अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न कीजिए (खण्ड य) ।*

PART A
खण्ड क

*Answer **all** the questions given below.*
*नीचे दिए **सभी** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

1. Mention the internal functioning of the Buddhist Sanghas. 2
बौद्ध संघों की आन्तरिक संचालन पद्धति का उल्लेख कीजिए ।

2. Mention the major crop of Western India during 17th century. How did it come to India ? 2
सत्रहवीं शताब्दी में पश्चिमी भारत की प्रमुख फसल का उल्लेख कीजिए तथा बताइए कि वह भारत कैसे आई ।

3. Give a brief description of Lotus Mahal, situated in the Royal Centre in the Vijayanagara empire. 2
विजयनगर साम्राज्य के राजकीय केन्द्र में स्थित कमल महल का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

4. Mention two changes that were seen in the network of trade in the urban centres from the mid 18th century. 2
18वीं शताब्दी के मध्य से शहरी केन्द्रों के व्यापारिक तन्त्रों में परिलक्षित दो परिवर्तनों का उल्लेख कीजिए ।

5. Mention two features of the Fort St. George of White Town, where most of the Europeans lived. 2
व्हाइट टाउन के सैंट जॉर्ज किले की, जहाँ अधिकांश यूरोपीय रहते थे, दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

PART B
खण्ड ख

SECTION I
भाग I

*Answer any **three** of the following questions.*
*निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

6. Describe briefly the sources used for reconstructing the history of the Gupta rulers. 5
गुप्तकालीन शासकों के इतिहास की पुनर्रचना में प्रयुक्त स्रोतों का संक्षेप में वर्णन कीजिए ।

7. "An understanding of the function of an artefact is often shaped by its resemblance with present day things." Support your answer with suitable evidence. 5

"किसी पुरावस्तु की उपयोगिता की समझ प्रायः आधुनिक समय में प्रयुक्त वस्तुओं से उनकी समानता पर आधारित होती है ।" उचित साक्ष्यों की सहायता से इस कथन का औचित्य निर्धारित कीजिए ।

8. What did B.B. Lal note about the houses in the second phase of the Mahabharata period (*c.* twelfth – seventh centuries BCE) ? Explain. 5

महाभारत काल के द्वितीय चरण में (बारहवीं से सातवीं शताब्दी ई.पू. में) मिलने वाले घरों के बारे में बी.बी. लाल ने क्या लिखा है ? स्पष्ट कीजिए ।

9. Critically examine why Sanchi survived while Amaravati did not. 5

साँची क्यों बच गया जबकि अमरावती नष्ट हो गया ? आलोचनात्मक समीक्षा कीजिए ।

SECTION II
भाग II

Answer any ***two*** *of the following questions.*
निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

10. Explain the views of Bernier about a more complex social reality of the Mughal empire. 5

बर्नियर के मुग़ल साम्राज्य के बारे में दिए गए वर्णन में की गई एक अधिक जटिल सामाजिक सच्चाई के संकेत को स्पष्ट कीजिए ।

11. Describe the significance of temple building in the Sacred Centre of Vijayanagara. 5

विजयनगर के धार्मिक केन्द्र में मन्दिर निर्माण के महत्त्व का वर्णन कीजिए ।

12. "Granting of titles to men of merit was an important aspect of Mughal polity." Justify the statement with suitable evidence. 5

"योग्य व्यक्तियों को पदवियाँ देना मुग़ल राजतन्त्र का एक महत्त्वपूर्ण पक्ष था ।" उचित साक्ष्यों की सहायता से उक्त कथन का औचित्य निर्धारित कीजिए ।

SECTION III

भाग III

Answer any ***three*** *of the following questions.*

निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

13. Critically examine the experiences of injustice felt by ryots on the refusal of extending loans to them after 1830s. 5

1830 के दशक के पश्चात् ऋणदाताओं द्वारा रैयत को ऋण देने से इंकार करने पर रैयत समुदाय द्वारा अनुभूत अन्याय की आलोचनात्मक समीक्षा कीजिए ।

14. Examine the proclamations issued by the rebels in 1857 and explain why did they want to reject everything associated with the British rule in India. 5

1857 में विद्रोहियों द्वारा की गई घोषणाओं की समीक्षा कीजिए । उन्होंने अपनी घोषणाओं में ब्रिटिश राज से सम्बद्ध प्रत्येक चीज़ को पूरी तरह ख़ारिज क्यों किया ? स्पष्ट कीजिए ।

15. Describe briefly the changes that came about in the Indian towns during the 18^{th} century. 5

अठारहवीं शताब्दी के दौरान भारतीय नगरों में आए परिवर्तनों का संक्षेप में वर्णन कीजिए ।

16. Explain the reasons why the plan, suggested by the Cabinet Mission, was finally not accepted by the Congress and the Muslim League. 5

कैबिनेट मिशन द्वारा सुझाई गई योजना को अन्ततः कांग्रेस तथा मुस्लिम लीग द्वारा अस्वीकार करने के कारणों को स्पष्ट कीजिए ।

PART C

खण्ड ग

17. Explain the variety of sources used by the historians to reconstruct histories of religious traditions. *8*

OR

Explain how the biography of the saint poetess Mirabai has been primarily constructed. How did she defy the norms of society ?

इतिहासकारों द्वारा धार्मिक परंपराओं के इतिहासों के पुनर्निर्माण के लिए उपयोग किए गए विभिन्न स्रोतों को स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

संत कवयित्री मीराबाई की जीवनी की रचना मूल रूप से किस आधार पर की गई है ? उन्होंने समाज की रूढ़ियों का उल्लंघन किस प्रकार किया ? स्पष्ट कीजिए ।

18. Explain the ideas expressed by Gandhiji in his address at the time of opening of Banaras Hindu University in February 1916. Did he put his precepts into practice ? Give examples. *8*

OR

How do autobiographies, Government records and newspapers help us in knowing about Gandhiji ? Explain.

फरवरी 1916 में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के उद्घाटन समारोह के अवसर पर गांधीजी द्वारा व्यक्त विचारों की व्याख्या कीजिए । क्या उन्होंने अपने नियमों को व्यवहार में लाया ? उदाहरण दीजिए ।

अथवा

आत्मकथाएँ, सरकारी रिकॉर्ड्स तथा अख़बार हमें गांधीजी को जानने में किस प्रकार सहायक होते हैं ? स्पष्ट कीजिए ।

PART D (Source Based Questions)

खण्ड घ (स्रोत आधारित प्रश्न)

Read the following extracts (questions no. 19 to 21) carefully and answer the questions that follow.

निम्नलिखित अनुच्छेदों (प्रश्न सं. 19 से 21) को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनके अंत में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

19. The wealthy Shudra

This story, based on a Buddhist text in Pali known as the *Majjhima Nikaya*, is part of a dialogue between a king named Avantiputta and a disciple of the Buddha named Kachchana. While it may not be literally true, it reveals Buddhist attitudes towards *varna*.

Avantiputta asked Kachchana what he thought about Brahmanas who held that they were the best caste and that all other castes were low; that Brahmanas were a fair caste while all other castes were dark; that only Brahmanas were pure, not non-Brahmanas; that Brahmanas were sons of Brahma, born of his mouth, born of Brahma, formed by Brahma, heirs to Brahma.

Kachchana replied : "What if a Shudra were wealthy ... would another Shudra ... or a Kshatriya or a Brahmana or a Vaishya ... speak politely to him ?"

Avantiputta replied that if a Shudra had wealth or corn or gold or silver, he could have as his obedient servant another Shudra to get up earlier than he, to go to rest later, to carry out his orders, to speak politely; or he could even have a Kshatriya or a Brahmana or a Vaishya as his obedient servant.

Kachchana asked : "This being so, are not these four *varnas* exactly the same ?"

Avantiputta conceded that there was no difference amongst the *varnas* on this count.

(i) What did Avantiputta want to know from Kachchana about Brahmanas ? 3

(ii) What was Kachchana's reply ? Explain. 2

(iii) If a Shudra had wealth, would Brahmanas and others speak to him politely ? Give reasons. 3

OR

A mother's advice

The *Mahabharata* describes how, when war between the Kauravas and the Pandavas became almost inevitable, Gandhari made one last appeal to her eldest son Duryodhana :

> By making peace you honour your father and me, as well as your well-wishers ... it is the wise man in control of his senses who guards his kingdom. Greed and anger drag a man away from his profits; by defeating these two enemies a king conquers the earth ... You will happily enjoy the earth, my son, along with the wise and heroic Pandavas ... There is no good in a war, no law (*dharma*) and profit (*artha*), let alone happiness; nor is there (necessarily) victory in the end — don't set your mind on war ...

Duryodhana did not listen to this advice and fought and lost the war.

(i) Explain briefly Gandhari's appeal to Duryodhana. 3

(ii) Do you agree with Gandhari's advice to Duryodhana ? Give two arguments in support of your answer. 3

(iii) Why did Duryodhana not listen to his mother's advice ? Give two possible reasons. 2

एक धनाढ्य शूद्र

यह कहानी पालि भाषा के बौद्ध ग्रंथ *मज्झिमनिकाय* से है जो एक राजा अवन्तिपुत्र और बुद्ध के अनुयायी कच्चन के बीच हुए संवाद का हिस्सा है । यद्यपि यह कहानी अक्षरशः सत्य नहीं थी तथापि यह बौद्धों के वर्ण सम्बन्धी रवैये को दर्शाती है ।

अवन्तिपुत्र ने कच्चन से पूछा कि ब्राह्मणों के इस मत के बारे में उनकी क्या राय है, कि वे सर्वश्रेष्ठ हैं और अन्य जातियाँ निम्न कोटि की हैं; ब्राह्मण का वर्ण शुभ्र है और अन्य जातियाँ काली हैं; केवल ब्राह्मण पवित्र हैं अन्य नहीं; ब्राह्मण ब्रह्मा के पुत्र हैं, ब्रह्मा के मुख से जन्मे हैं, उनसे ही रचित हैं तथा ब्रह्मा के वंशज हैं ।

कच्चन ने उत्तर दिया : "क्या यदि शूद्र धनी होता ... दूसरा शूद्र ... अथवा क्षत्रिय या फिर ब्राह्मण अथवा वैश्य ... उससे विनीत स्वर में बात करता ?"

अवन्तिपुत्र ने प्रत्युत्तर में कहा कि यदि शूद्र के पास धन अथवा अनाज, स्वर्ण या फिर रजत होती वह दूसरे शूद्र को अपने आज्ञाकारी सेवक के रूप में प्राप्त कर सकता था, जो उससे पहले उठे और उसके बाद विश्राम करे; जो उसकी आज्ञा का पालन करे, विनीत वचन बोले; अथवा वह क्षत्रिय, ब्राह्मण या फिर वैश्य को भी आज्ञावाही सेवक बना सकता था ।

कच्चन ने पूछा, "यदि ऐसा है, तो क्या फिर यह चारों वर्ण एकदम समान नहीं हैं ?"

अवन्तिपुत्र ने यह स्वीकार किया कि इस आधार पर चारों वर्णों में कोई भेद नहीं है ।

(i) अवन्तिपुत्र कच्चन से ब्राह्मणों के बारे में क्या जानना चाहता था ?

(ii) कच्चन ने क्या उत्तर दिया ? स्पष्ट कीजिए ।

(iii) यदि शूद्र के पास धन-संपत्ति हो, तो क्या ब्राह्मण तथा अन्य लोग उसके साथ विनम्रता से बोलेंगे ? कारण दीजिए ।

अथवा

माता की सलाह

महाभारत में उल्लेख मिलता है कि जब कौरवों और पांडवों के बीच युद्ध अवश्यंभावी हो गया, तो गांधारी ने अपने ज्येष्ठ पुत्र दुर्योधन से युद्ध न करने की विनती की :

> शांति की संधि करके तुम अपने पिता, मेरा तथा अपने शुभेच्छुकों का सम्मान करोगे ... विवेकी पुरुष जो अपनी इंद्रियों पर नियंत्रण रखता है वही अपने राज्य की रखवाली करता है । लालच और क्रोध आदमी को लाभ से दूर खदेड़कर ले जाते हैं; इन दोनों शत्रुओं को पराजित कर राजा समस्त पृथ्वी को जीत सकता है ... हे पुत्र तुम विवेकी और वीर पांडवों के साथ सानंद इस पृथ्वी का भोग करोगे ... युद्ध में कुछ भी शुभ नहीं होता, ना धर्म और अर्थ की प्राप्ति होती है और ना ही प्रसन्नता की; युद्ध के अंत में सफलता मिले यह भी ज़रूरी नहीं ... अपने मन को युद्ध में लिप्त मत करो ...

दुर्योधन ने माँ की सलाह नहीं मानी, वह युद्ध में लड़ा और हार गया ।

(i) गांधारी ने दुर्योधन से क्या विनती की ? संक्षेप में व्याख्या कीजिए ।

(ii) क्या आप गांधारी की दुर्योधन को दी गई सलाह से सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में दो तर्क प्रस्तुत कीजिए ।

(iii) दुर्योधन ने अपनी माँ की सलाह क्यों नहीं मानी ? दो संभावित कारण बताइए ।

20. How tanks were built

About a tank constructed by Krishnadeva Raya, Paes wrote :

> The king made a tank ... at the mouth of two hills so that all the water which comes from either one side or the other collects there; and, besides this, water comes to it from more than three leagues (approximately 15 kilometres) by pipes which run along the lower parts of the range outside. This water is brought from a lake which itself overflows into a little river. The tank has three large pillars handsomely carved with figures; these connect above with certain pipes by which they get water when they have to irrigate their gardens and rice-fields.

In order to make this tank the said king broke down a hill ... In the tank I saw so many people at work that there must have been fifteen or twenty thousand men, looking like ants ...

(i) Explain briefly where the tank was constructed. 2

(ii) Explain briefly the sources of water for the tanks. 3

(iii) Explain briefly the advantages of constructing tanks. 3

OR

Cash or kind ?

The *Ain* on land revenue collection :

Let him (the *amil-guzar*) not make it a practice of taking only in cash but also in kind. The latter is effected in several ways. First, *kankut* : in the Hindi language *kan* signifies grain, and *kut*, estimates ... If any doubts arise, the crops should be cut and estimated in three lots, the good, the middling, and the inferior, and the hesitation removed. Often, too, the land taken by appraisement, gives a sufficiently accurate return. Secondly, *batai*, also called *bhaoli*, the crops are reaped and stacked and divided by agreement in the presence of the parties. But in this case several intelligent inspectors are required; otherwise, the evil-minded and false are given to deception. Thirdly, *khet-batai*, when they divide the fields after they are sown. Fourthly, *lang batai*, after cutting the grain, they form it in heaps and divide it among themselves, and each takes his share home and turns it to profit.

(i) Explain the term kankut. 2

(ii) Explain the system of batai or bhaoli system of land revenue collection. 2

(iii) Explain the system of lang batai. 2

(iv) Which system of land revenue collection, do you think, is better and why ? 2

हौज़ों/जलाशयों का निर्माण किस प्रकार होता था ?

कृष्णदेव राय द्वारा बनवाए गए जलाशय के विषय में पेस लिखता है :

> राजा ने एक जलाशय बनवाया ... दो पहाड़ियों के मुख-विबर पर जिससे दोनों में से किसी पहाड़ी से आने वाला सारा जल वहाँ इकट्ठा हो; इसके अलावा जल 9 मील (लगभग 15 किमी) से भी अधिक की दूरी से पाइपों से आता है जो बाहरी शृंखला के निचले हिस्से के साथ-साथ बनाए गए थे । यह जल एक झील से लाया जाता है जो छलकाव से खुद एक छोटी नदी में मिलती है । जलाशय में तीन विशाल स्तंभ बने हैं जिन पर ख़ूबसूरती से चित्र उकेरे गए हैं; ये ऊपरी भाग में कुछ पाइपों से जुड़े हुए हैं जिनसे ये अपने बगीचों तथा धान के खेतों की सिंचाई के पानी लाते हैं । इस जलाशय को बनाने के लिए इस राजा ने एक पूरी पहाड़ी को तुड़वा दिया ... जलाशय में मैंने इतने लोगों को कार्य करते देखा कि वहाँ पन्द्रह से बीस हज़ार आदमी थे, चींटियों की तरह ...

(i) जलाशय कहाँ बनाया गया था ? संक्षेप में स्पष्ट कीजिए ।

(ii) जलाशय में पानी आने के साधनों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए ।

(iii) जलाशय निर्माण के लाभ संक्षेप में स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

नक़द या जीन्स ?

आइन से यह एक और अनुच्छेद है :

> *अमील-गुज़ार* सिर्फ़ नक़द लेने की आदत न डाले बल्कि फ़सल भी लेने के लिए तैयार रहे । यह बाद वाला तरीक़ा कई तरह से काम में लाया जा सकता है । पहला, *कणकुत* : हिन्दी ज़ुबान में *कण* का मतलब है, अनाज, और *कुत*, अंदाज़ा ... अगर कोई शक हो, तो फ़सल को तीन अलग-अलग पुलिंदों में काटना चाहिए — अच्छा, मध्यम और बदतर, और इस तरह शक दूर करना चाहिए । अकसर अंदाज़ से किया गया ज़मीन का आकलन भी पर्याप्त रूप से सही नतीजा देता है । दूसरा, *बटाई* जिसे *भाओली* भी कहते हैं (में), फ़सल काट कर जमा कर लेते हैं, और फिर सभी पक्षों की मौजूदगी में व रज़ामंदी में बँटवारा करते हैं । लेकिन इसमें कई समझदार निरीक्षकों की ज़रूरत पड़ती है; वर्ना दुष्ट-बुद्धि और मक्कार धोखेबाज़ी की नीयत रखते हैं । तीसरे, *खेत-बटाई* जब वे बीज बोने के बाद खेत बाँट लेते हैं । चौथे, *लाँग बटाई;* फ़सल काटने के बाद, वे उसका ढ़ेर बना लेते हैं और फिर उसे अपने में बाँट लेते हैं, और हरेक (पक्ष) अपना हिस्सा घर ले जाता है और उससे मुनाफ़ा कमाता है ।

(i) कणकुत का अर्थ स्पष्ट कीजिए ।

(ii) भू-राजस्व वसूली की बटाई अथवा भाओली प्रथा को स्पष्ट कीजिए ।

(iii) लाँग बटाई प्रथा की व्याख्या कीजिए ।

(iv) भू-राजस्व वसूली की कौनसी प्रथा आप अच्छी समझते हैं और क्यों ? स्पष्ट कीजिए ।

21. "The real minorities are the masses of this country"

Welcoming the Objectives Resolution introduced by Jawaharlal Nehru, N.G. Ranga said :

> Sir, there is a lot of talk about minorities. Who are the real minorities ? Not the Hindus in the so-called Pakistan provinces, not the Sikhs, not even the Muslims. No, the real minorities are the masses of this country. These people are so depressed and oppressed and suppressed till now that they are not able to take advantage of the ordinary civil rights. What is the position ? You go to the tribal areas. According to law, their own traditional law, their tribal law, their lands cannot be alienated. Yet our merchants go there, and in the so-called free market they are able to snatch their lands. Thus, even though the law goes against this snatching away of their lands, still the merchants are able to turn the tribal people into veritable slaves by various kinds of bonds, and make them hereditary bond-slaves. Let us go to the ordinary villagers. There goes the money-lender with his money and he is able to get the villagers in his pocket. There is the landlord himself, the zamindar, and the *malguzar* and there are the various other people who are able to exploit these poor villagers. There is no elementary education even among these people. These are the real minorities that need protection and assurances of protection. In order to give them the necessary protection, we will need much more than this Resolution ...

(i) How is the notion of minority defined by N.G. Ranga ? *2*

(ii) Do you agree with Ranga ? If not, mention who are the real minorities according to you and why. *2*

(iii) Explain the conditions of ordinary villagers. *2*

(iv) Describe the living conditions of the tribals. *2*

OR

"I believe separate electorates will be suicidal to the minorities"

During the debate on 27 August 1947, Govind Ballabh Pant said :

> I believe separate electorates will be suicidal to the minorities and will do them tremendous harm. If they are isolated for ever, they can never convert themselves into a majority and the feeling of frustration will cripple them even from the very beginning. What is it that you desire and what is our ultimate objective ? Do the minorities always want to remain as minorities or do they ever expect to form an integral part of a great nation and as such to guide and control its destinies ? If they do, can they ever achieve that aspiration and that ideal if they are isolated from the rest of the community ? I think it would be extremely dangerous for them if they were segregated from the rest of the community and kept aloof in an air-tight compartment where they would have to rely on others even for the air they breathe ... The minorities if they are returned by separate electorates can never have any effective voice.

(i) How will separate electorates prove suicidal to the minorities ? Explain the views of G.B. Pant. *4*

(ii) Will the creation of separate electorates solve the problem of minorities ? If so, how ? *3*

(iii) Suggest any one way to solve the problem of minorities. *1*

"जी नहीं, असली अल्पसंख्यक इस देश की जनता है"

जवाहरलाल नेहरू द्वारा प्रस्तुत किए गए उद्देश्य प्रस्ताव का स्वागत करते हुए एन.जी. रंगा ने कहा था :

> महोदय, अल्पसंख्यकों के बारे में बहुत बातें हो रही हैं । असली अल्पसंख्यक कौन हैं ? तथाकथित पाकिस्तानी प्रांतों में रहने वाले हिंदू, सिख और यहाँ तक मुसलमान भी अल्पसंख्यक नहीं हैं । जी नहीं, असली अल्पसंख्यक तो इस देश की जनता है । यह जनता इतनी दबी-कुचली और इतनी उत्पीड़ित है कि अभी तक साधारण नागरिक के अधिकारों का लाभ भी नहीं उठा पा रही है । स्थिति क्या है ? आप आदिवासी इलाकों में जाइए । उनके अपने कानूनों, उनके जनजातीय कानूनों, उनकी ज़मीन को उनसे नहीं छीना जा सकता । लेकिन हमारे व्यापारी वहाँ जाते हैं, और तथाकथित मुक्त बाज़ार के नाम पर उनकी ज़मीन छीन लेते हैं । भले ही कानून ज़मीन की इस बेदखली के खिलाफ हो, व्यापारी इन

आदिवासियों को तरह-तरह के बंधनों में जकड़कर गुलाम बना लेते हैं और पीढ़ी-दर-पीढ़ी दासता के नर्क में ढकेल देते हैं । आइए अब आम गाँव वालों को देख लेते हैं । वहाँ सूदखोर पैसा लेकर जाता है और गाँव वालों को अपनी जेब में डाल लेता है । वहाँ ज़मींदार हैं और मालगुज़ार व अन्य लोग हैं जो इन गरीब देहातियों का शोषण करते हैं । इन लोगों में मूलभूत शिक्षा तक नहीं है । असली अल्पसंख्यक यही लोग हैं जिन्हें सुरक्षा और सुरक्षा का आश्वासन मिलना चाहिए । उन्हें आवश्यक सुरक्षा प्रदान करने के लिए केवल इस प्रस्ताव से काम चलने वाला नहीं है ...

(i) एन.जी. रंगा ने अल्पसंख्यकों के विचार को कैसे परिभाषित किया है ?

(ii) क्या आप रंगा से सहमत हैं ? यदि नहीं, तो बताइए कि आपके अनुसार असली अल्पसंख्यक कौन हैं तथा क्यों ।

(iii) साधारण ग्रामीणों की हालत की व्याख्या कीजिए ।

(iv) आदिवासियों के रहन-सहन का वर्णन कीजिए ।

अथवा

''मेरा मानना है कि पृथक निर्वाचिका अल्पसंख्यकों के लिए आत्मघाती साबित होगी''

27 अगस्त 1947 को संविधान सभा की बहस में गोविंद वल्लभ पंत ने कहा था :

मेरा मानना है कि पृथक निर्वाचिका अल्पसंख्यकों के लिए आत्मघाती साबित होगी और उन्हें बहुत भारी नुकसान पहुँचाएगी । अगर उन्हें हमेशा के लिए अलग-थलग कर दिया गया तो वे कभी भी खुद को बहुसंख्यकों में रूपांतरित नहीं कर पाएँगे । निराशा का भाव शुरू से उन्हें अपंग बना देगा । आप क्या चाहते हैं और हमारा अंतिम उद्देश्य क्या है ? क्या अल्पसंख्यक हमेशा अल्पसंख्यकों के रूप में ही रहना चाहते हैं या वे भी एक दिन एक महान राष्ट्र का अभिन्न अंग बनने और उसकी नियति को निर्धारित व नियंत्रित करने का सपना देखते हैं ? मेरा विचार है कि अगर उन्हें शेष समुदाय से अलग रखा जाता है और ऐसे हवाबंद कमरे में काटकर रखा जाता है जहाँ उन्हें हवा के लिए भी औरों पर निर्भर रहना पड़ेगा तो यह उनके लिए भयानक रूप से खतरनाक होगा ... । अगर अल्पसंख्यक पृथक निर्वाचिकाओं से जीतकर आते रहे तो कभी प्रभावी योगदान नहीं दे पाएँगे ।

(i) पृथक निर्वाचिका अल्पसंख्यकों के लिए किंस प्रकार आत्मघाती साबित होगी ? जी.बी. पंत के विचारों की व्याख्या कीजिए ।

(ii) पृथक निर्वाचिका का बनना क्या अल्पसंख्यकों की समस्या का हल हो सकता है ? यदि हाँ, तो कैसे ?

(iii) अल्पसंख्यकों की इस समस्या को हल करने का कोई एक रास्ता सुझाइए ।

PART E
खण्ड य

22. On the given political outline map of **India** (on page 17) mark and label any five Harappan sites. 5

OR

On the given political outline map of **India** (on page 17) mark and label the following centres of Revolt of 1857 :

Lucknow, Azamgarh, Jabalpur, Agra, Delhi.

भारत के दिए हुए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 17 पर) पर हड़प्पा के किन्हीं पाँच स्थानों को अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए ।

अथवा

भारत के दिए हुए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 17 पर) पर 1857 के विद्रोह के निम्नलिखित केन्द्रों को अंकित कीजिए तथा उनके नाम लिखिए :

लखनऊ, आज़मगढ़, जबलपुर, आगरा, दिल्ली ।

23. On the given political outline map of **India** (on page 19), five centres of National Movement have been marked as 1, 2, 3, 4, 5. Identify them and write their names on the line drawn near them. 5

भारत के दिए हुए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 19 पर) पर राष्ट्रीय आन्दोलन के पाँच केन्द्र 1, 2, 3, 4, 5 अंकित किए गए हैं । उन्हें पहचानिए तथा उनके नाम उनके समीप खींची गई रेखाओं पर लिखिए ।

Note : *The following questions are only for the Blind Candidates in lieu of the map questions (Q. No. 22 and 23).*

नोट : *निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र प्रश्न (प्र. सं. 22 और 23) के स्थान पर हैं ।*

22. Mention any five territories under Babar, Akbar and Aurangzeb. 5

OR

Mention any five important Mahajanapadas and cities.

बाबर, अकबर तथा औरंगजेब के अन्तर्गत किन्हीं पाँच क्षेत्रों के नामों का उल्लेख कीजिए ।

अथवा

किन्हीं पाँच महत्त्वपूर्ण महाजनपदों तथा नगरों के नामों का उल्लेख कीजिए ।

23. Mention the names of any five centres of National Movement. 5


राष्ट्रीय आन्दोलन के किन्हीं पाँच केन्द्रों के नामों का उल्लेख कीजिए ।

For question no. 22

प्रश्न सं. 22 के लिए

Outline Map of India (Political)

भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)



For question no. 23

प्रश्न सं. 23 के लिए

Outline Map of India (Political)

भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)

